आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 20.08.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर। वे आज देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में 2025–27 बैच के भारतीय वन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करेंगे।
- आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा। बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर।
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा में जल जीवन मिशन और पीएमजीएसवाई की समीक्षा की। कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- पिथौरागढ़ जिले में धारचूला–तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी बोल्डर गिरने से कुलागाड़ के पास स्थित बेली ब्रिज क्षतिग्रस्त। आवाजाही सुचारू करने के प्रयास शुरू।

**उपराश्ट्रपति**

उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन आज उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में 2025–27 बैच के भारतीय वन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करेंगे और उनके साथ बातचीत करेंगे। उपराष्ट्रपति कल मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 2024 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रोफेशनल कोर्स के दूसरे चरण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए देहरादून में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती के साथ ही वीवीआईपी रूट, कार्यक्रम स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की जा रही है। साथ ही आज और कल देहरादून में जरूरत के अनुसार यातायात डायवर्जन भी लागू रहेगा। पुलिस और प्रशासन ने लोगों से निर्धारित रूट प्लान का पालन करने की अपील की है।

**भाजपा बैठक**

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को चुनावी दृष्टि से और अधिक सक्रिय करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में गढ़वाल संभाग की सांसद–विधायक बैठक आयोजित की गई, जिसमें टिहरी, गढ़वाल और हरिद्वार के सांसदों, विधायकों और जिलाध्यक्षों के साथ विधानसभा स्तर के राजनीतिक व संगठनात्मक समीकरणों पर मंथन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में हुई बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठनात्मक तैयारियों, सरकार के

विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने, जनप्रतिनिधियों और संगठन के बीच समन्वय मजबूत करने और कमजोर विधानसभा क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति तैयार करने पर चर्चा हुई। पार्टी नेतृत्व ने विधायकों और जिलाध्यक्षों से उनके क्षेत्रों का फीडबैक लिया और आगामी समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों और अभियानों को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा लगातार चरणबद्ध तरीके से संगठन के विभिन्न स्तरों के साथ बैठकें कर रही है। उन्होंने कहा कि बैठकों के माध्यम से मिले फीडबैक के आधार पर पार्टी की आगामी कार्ययोजना तैयार की जा रही है और आने वाले समय में इन योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

**<u>बरसाती गदेरा</u>**

बागेश्वर जिले में कांडा तहसील के दिगोली गांव में करीब 20 स्कूली बच्चों को तेज बहाव वाले बरसाती गदेरे को पार कर राजकीय इंटर कॉलेज भेटा पहुंचना पड़ रहा है। इसे पार करते बच्चों का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद जिला प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया है। जिलाधिकारी अपूर्वा पांडे ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिस गदेरे को बच्चे विद्यालय जाते समय पार कर रहे हैं, वह बरसाती गदेरा है और दूसरे गदेरे पर पुल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**<u>रैंक</u>**

सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय, अल्मोड़ा के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट को राष्ट्रीय कैडेट को– एनसीसी में मानद कर्नल व कर्नल कमांडेंट की रैंक प्रदान की गई। मानद कर्नल की रैंक मिलने पर प्रोफेसर बिष्ट ने कहा कि वह सैन्य परम्पराओं का निर्वहन करते हुए एनसीसी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कार्य करेंगे।

**केंद्रीय राज्य मंत्री**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा में जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत जिले की एक हजार 645 योजनाओं में से एक हजार 517 पूरी हो चुकी हैं, जबकि 128 योजनाओं पर कार्य जारी है। श्री टम्टा ने कहा कि अल्मोड़ा में हर घर जल पहुंचाने के लिए 950 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई थी, जिसमें 540 करोड़ रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं। चालू वित्त वर्ष में 108 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है। उन्होंने कहा कि इसके बाद हर घर जल का लक्ष्य शत–प्रतिशत पूरा करने की दिशा में काम किया जाएगा।

श्री टम्टा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन और सुदृढ़ीकरण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सड़कों के निर्माण में निर्धारित मानकों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

**<u>पुल क्षतिग्रस्त</u>**

पिथौरागढ़ जिले में धारचूला–तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज भारी बोल्डर गिरने से कुलागाड़ के पास स्थित बेली ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गया। इससे सीमांत क्षेत्र को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। आदि कैलाश और कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग के साथ ही चीन सीमा को जोड़ने वाला सड़क संपर्क भी बाधित हो गया है। मार्ग बंद होने से दारमा, चौदास और व्यास घाटी का संपर्क जिला मुख्यालय और धारचूला क्षेत्र से कट गया है। वहीं, सीमा सड़क संगठन– बीआरओ की टीम मौके पर पहुंची और मार्ग को सुचारू करने के प्रयास शुरू कर दिए। बीआरओ के अधिकारियों के अनुसार, वाहनों की आवाजाही बहाल करने के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जा रहा है और इसे शाम तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण मार्ग पर फिलहाल यातायात प्रभावित है। प्रशासन और बीआरओ ने यात्रियों और स्थानीय लोगों से सावधानी बरतने और मौके पर सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

**<u>ई–केवाईसी</u>**

पौड़ी जिले में घरेलू एलपीजी कनेक्शनों की ई–केवाईसी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। जिले में अब तक 78 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता ई–केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं। जिला प्रशासन ने शेष उपभोक्ताओं से अपनी संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क कर ई–केवाईसी की प्रक्रिया और आगे की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अधिकृत माध्यमों से ही जानकारी लेने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में ई–केवाईसी का कार्य काफी हद तक पूरा हो चुका है। शेष उपभोक्ताओं की ई–केवाईसी के संबंध में संबंधित तेल कंपनियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से ई–केवाईसी पूरी करने और किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अपनी संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क करने की अपील की है।